# आईडीए अध्यक्ष पद को लेकर रस्साकशी

▶ गुप्ता और यादव में फैसला होने की संभावना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रदेश में करीब-करीब सारे निगम और मंडल अध्यक्ष बन गए है. इंदौर का फैसला नहीं हो पा रहा है. उससे बढ़कर यह है कि इंदौर के किसी भी नेता को प्रदेश में कोई पद नहीं सौंपा गया है. आईडीए अध्यक्ष पद को लेकर बड़े नेताओं में जमकर रस्साकशी चल रही है. एक चर्चा यह भी है कि इंदौर को लेकर मामला पेंडिंग ही कर दिया गया है.**

प्रदेश के अधिकांश निगम और मंडल अध्यक्ष पद पर भाजपा ने राजनीतिक नियुक्तियां और बोर्ड बना दिए है. इंदौर से किसी नेता को प्रदेश में कोई निगम मंडल में तरजीह नहीं दी




गई. सत्ता और संगठन ने अन्य जिलों के नेताओं को उपकृत करके प्रदेश में नियुक्तियां कर दी है. इंदौर आईडीए अध्यक्ष पद पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल फैसला नहीं कर पा रहे हैं. आईडीए अध्यक्ष पद की दौड़ में इतनी खींचतान मची हुई है कि सिर्फ दो नेता के नाम रह गए है. कैलाश विजयवर्गीय समर्थक हरिनारायण यादव और शिवराज सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह तोमर समर्थक सुदर्शन गुप्ता के बीच आईडीए अध्यक्ष की लड़ाई रह रह गई है.

### मुख्यमंत्री का रुख स्पष्ट नहीं

बताया जा रहा है कि आईडीए को लेकर मुख्यमंत्री का रुख अभी भी स्पष्ट नहीं है. वहीं प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने भी मामला होल्ड पर डाल दिया है. वैसे हरिनारायण यादव आईडीए के पूर्व में उपाध्यक्ष और सुदर्शन गुप्ता दो बार विधायक रहे चुके हैं. ऐसी चर्चा है कि अध्यक्ष का निर्णय होने के बाद ही शहर के विधायकों से संचालक मंडल के नाम मांगे जाएंगे और आगे विचार किया जाएगा. आईडीए में अध्यक्ष के अतिरिक्त दो उपाध्यक्ष, एक महिला संचालक और चार संचालक के पद है. सीईओ बोर्ड के सचिव होते हैं.


# सत्यसांई चौराहे का ब्रिज जून में पूरा होने पर संशय

▶ काम में नजर नहीं आ रही गति

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन सत्य सांई चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज समय पर पूरा होने के संभावना नजर नहीं आ रही है. उक्त ब्रिज की नई समय सीमा जून 2026 तय की गई है, लेकिन काम की गति से अगले छह माह में भी ब्रिज पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है.**

शहर के एबी रोड पर एमपीआरडीसी सत्य सांई चौराहे पर 62.50 करोड़ की लागत से 800 सौ मीटर लंबा और छह लेन चौड़ा फ्लाई ओवर ब्रिज बना रहा है. उक्त ब्रिज का निर्माण अगस्त 24 में शुरू हुआ था और मार्च 2026 में पूरा होने का समय निर्धारित किया गया था. उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण बिहार की नारायणदास कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है. सत्य सांई चौराहे के फ्लाई ओवर ब्रिज का काम मार्च की बजाय अब जून में भी पूरा होने की संभावना नहीं दिख रही है. ठेकेदार को काम पूरा करने के लिए एमपीआरडीसी ने तीन माह का अतिरिक्त समय दिया है, लेकिन तीन माह में से डेढ़ माह निकलने को आया है और ब्रिज निर्माण कार्य में गति नजर नहीं आ रही है. ध्यान रहे कि सत्य सांई चौराहे पर फ्लाई ओवर ब्रिज के कारण अभी एबी रोड पर रोज यातायात जाम हो रहा है. उक्त ब्रिज

निर्माण के चलते लगता है कि बॉम्बे हॉस्पिटल, रिंग रोड और बायपास की तरफ से आने जाने वाले वाहन चालकों को अभी ओर परेशानी उठानी पड़ेगी.

### बाधाओं के कारण हुई देरी

एमपीआरडीसी के स्थानीय प्रभारी कार्यपालन यंत्री गगन भाभर ने बताया कि कुछ कामों और बाधक के कारण ब्रिज निर्माण कार्य में देरी हुई है, लेकिन ब्रिज निर्माण कार्य में गति बढ़ाने का ठेकेदार को लगातार दबाव बना रहे है, ताकि ब्रिज निर्माण कार्य जड़ी पूरा हो जाए.

## एक नजर में

### डीएस ग्रुप ने कैच स्प्रिंकलर में जोड़े नए फ्लेवर्स

**इंदौर**. धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) के लोकप्रिय ब्राण्ड कैच साल्ट एंड स्पाइसेज़ ने नए दौर की सीज़निंग एवं रीजनल फ्लेवर्स के लॉन्च के साथ अपने स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो मे वृद्धि की घोषणा की है. ब्राण्ड कई नए वेरिएन्ट्स लेकर आया है जैसे पिज़्ज़ा पास्ता सीज़निंग, चिली फ्लेक्स, ओरीगेनो, मैजिक मसाला और मिक्स्ड हर्ब्स तथा अन्य रीजनल फ्लेवर्स जैसे जीरावन (पोहा मसाला) और पोड़ी मसाला. इस लॉन्च के साथ कंपनी ने स्प्रिंकलर फ़ॉर्मेट को एक व्यापक सीज़निंग प्लेटफ़ॉर्म के रूप में आगे बढ़ाया है. डीएस ग्रुप में कैच साल्ट एंड स्पाइसेज़ के बिज़नेस हैड संदीप घोष ने कहा डीएस ग्रुप में, हम ग्राहकों की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रोडक्ट्स लेकर आते है जो बड़े शहरों से लेकर टियर 3 मार्केट्स तक के लिए सुविधा, गुणवत्ता और स्वाद का बेहतरीन संयोजन हों. कैच स्प्रिंकलर रेंज में वृद्धि एक आधुनिक सीज़निंग पोर्टफ़ोलियो के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की पसंद को खासतौर पर ध्यान में रखा गया है.

### हैवेल्स ने लॉन्च किया न्यूट्रीग्राइंड आटा मिल

**इंदौर**. देश की अग्रणी एफएमईजी कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने आज इंदौर में लोटस इलेक्ट्रानिक्स के फ्लैगशिप स्टोर पर हैवेल्स न्यूट्रिग्राइंड आटा मिल के लॉन्च की घोषणा की. स्वास्थ्य को लेकर सजग घरों के लिए विशेष रूप से बनाया गया न्यूट्री ग्राइंड आटा मिल, ग्राहकों को घर पर ही ताज़ा आटा और मसाले पीसने की सुविधा देता है, जिससे उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्वाद और पोषण मिल सके और साथ ही खाना बनाने के एक-एक पहलू पर उनका पूरा नियंत्रण रहे. इस अवसर पर बात करते हुए हैवेल्स इंडिया लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट बिजनेस वसीम शोरा ने बताया कि जैसे-जैसे खाने की गुणवत्ता और पोषण पर लोगों का ध्यान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे लोग वापस पारंपरिक साधनों की ओर लौट रहे हैं, जो लोगों को अपने खानपान पर अधिक नियंत्रण और प्रामाणिकता प्रदान करते हैं. न्यूट्रीग्राइंड आटा मिल के साथ हम वापस ला रहे हैं पारंपरिक आटा चक्की का अनुभव-आधुनिक और सुगम आकार में, जिससे हर परिवार ताजे आटे और मसालों को उनके प्राकृतिक स्वाद, टेक्सचर और पोषण को बरकरार रखते हुए घर पर आसानी से बना सकें.

### स्काईस्कैनर की स्मार्टर समर रिपोर्ट

**इंदौर**. अस्थिरता के बीच भी गर्मियों की यात्रा लगातार जारी है. 77 प्रतिशत भारतीयों को विश्वास है कि वो अगले तीन महीनों में यात्रा करेंगे. हर 10 में से 9 भारतीय समर 2026 होलिडे के लिए या तो बुकिंग कर चुके हैं या फिर इसकी योजना बना रहे हैं. केवल 38 प्रतिशत लोगों ने समर होलिडे के लिए बुकिंग नहीं की है, लेकिन अस्थिरता के बावजूद उनकी यात्रा करने की इच्छा बनी हुई है और वो इसके विकल्प तलाश रहे हैं. स्काईस्कैनर इंडिया में ट्रैवल एवं डेस्टिनेशन एक्सपर्ट, नील घोष ने कहा हमने भारत में अभी तक जो ट्रैवल के सीज़न देखे हैं, उनमें 2026 की गर्मियाँ यात्रा करने के सबसे अधिक इरादे वाले मौसमों में से एक हैं. लेकिन अंतर यह है कि इस इरादे को अमल में कैसे लाना है. यात्री पीछे नहीं हट रहे हैं. वो अवरोधों के अनुरूप ढल रहे हैं. वो अपनी यात्रा को कैंसल करने की बजाय जगह को लेकर फ्लेक्सिबल हो रहे हैं. कई लोग बदलती लागत और परिस्थितियों के जवाब में स्थानों को बदल रहे हैं.

### संत लादूनाथ महाराज का बरसी महोत्सव 13 से

**इंदौर**. माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स स्थित श्री महाप्रचंड हनुमान मंदिर पर



संत श्री लादूनाथजी महाराज गुरु आश्रम न्यास समिति (ट्रस्ट) के तत्वावधान एवं महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय स्थापना दिवस एवं सदगुरु लादूनाथ महाराज के 32वें बरसी महोत्सव का आयोजन महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम माली मोहल्ला, एमओजी लाइन्स पर 13-14 मई को सौल्लास मनाया जाएगा. भक्त मंडल के योगेश सुईवाल, विजय अग्रवाल एवं मयूर सुईवाल ने बताया कि 13 मई को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा. इसकी पूर्णाहुति गुरुवार 14 मई को सुबह 10 बजे होगी.

### वॉलमार्ट ने ग्रोथ समिट का आयोजन किया

**इंदौर**. वॉलमार्ट ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में वॉलमार्ट ग्रोथ समिट के दूसरे संस्करण इंडिया 2026 का आयोजन किया. इस आयोजन के जरिए निर्यात के लिए तैयार उद्यमों, एमएसएमई, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डी2सी विक्रेताओं और सप्लाई चेन भागीदारों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे देश और विदेश दोनों बाजारों में विकास के नए अवसरों को तलाश सकें. वॉलमार्ट इंक के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जॉन फर्नर ने कहा, 'आज के वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत सबसे ज्यादा गतिशील अवसरों का प्रतिनिधित्व करता है। हमने अब तक भारत से 40 अरब डॉलर से ज्यादा के उत्पादों की सोर्सिंग की है और उद्यमियों को मजबूत करने एवं सप्लायर्स की क्षमता बढ़ाने, नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने, गुणवत्तापूर्ण मानक स्थापित करने और मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं. इससे भारतीय कंपनियों को निर्यात के लिए तैयार करने में मदद मिली है. इससे व्यापक आर्थिक अवसर बन रहे हैं और इनोवेटिव कंपनियों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने का मौका मिल रहा है.

### एलजी ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**इंदौर**. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने 2026 के लिए अपने होम अप्लायंसेज की रेंज बाज़ार में उतारी. किफायती-प्रीमियम और प्रीमियम, दोनों श्रेणियों में पेश की गई यह नई रेंज, एलजी की भरोसेमंद तकनीक को ज़्यादा से ज़्यादा भारतीय परिवारों तक पहुँचाने के संकल्प को और मज़बूत करती है. इस नई रेंज को भारतीय उपभोक्ताओं की हर छोटी-बड़ी ज़रूरत को ध्यान में रखकर बेहद बारीकी से तैयार किया गया है. यह शानदार डिज़ाइन और बेहतरीन अनुभव के साथ-साथ भरोसेमंद और सुलभ तकनीक के बीच के अंतर को पाटती है, ताकि हर भारतीय घर को आधुनिक तकनीक का लाभ मिल सके. इस लॉन्च पर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जीयोन ने अपनी बात रखते हुए कहा एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए भारत विकास का एक बहुत महत्वपूर्ण बाज़ार है. हाल ही में लॉन्च हुई एसेंशियल सीरीज़ और हमारे प्रीमियम उपकरणों के विस्तार के साथ, हम हर बजट और हर वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन विकल्प पेश कर रहे हैं.

### एयू बैंक ने क्यूरेटेड क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो पेश किया

**इंदौर**. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज एक नए क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो के लॉन्च की घोषणा की. यह बैंक के स्केलेबल, डिफरेंशिएटेड और ज़िम्मेदार कार्ड व्यवसाय के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह नया पोर्टफोलियो अलग-अलग उत्पादों के बजाय एक समेकित रेंज के रूप में रणनीतिक रूप से डिजाइन किया गया है, जो टियर-1 और टियर-2 शहरों में ग्राहकों की तेजी से बदलती आकांक्षाओं, खर्च की आदतों और जीवनशैली को दर्शाता है. लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, योगेश जैन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा भारत का क्रेडिट कार्ड बाजार एक निर्णायक मोड़ पर है. आज ग्राहक केवल डिस्काउंट से आगे बढ़कर प्रासंगिकता, सरलता और अपने जीवनशैली के अनुरूप उत्पाद चाहते हैं. इस चार-कार्ड पोर्टफोलियो के माध्यम से हमारा उद्देश्य एक स्ट्रक्चर्ड, लाइफसायकल आधारित पेशकश तैयार करना था, जिससे ग्राहक अपनी क्रेडिट यात्रा की शुरुआत एयू के साथ करें और समय के साथ हमारे साथ आगे बढ़ें.

# फैमिली कलेक्शन का गोदाम सील, 2750 किलो पॉलीथिन जब्त

▶ प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

इंदौर. शहर को सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन मुक्त बनाने हेतु नगर निगम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है. इसी के अंतर्गत नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैट रोड स्थित फैमिली कलेक्शन (मोक्ष ट्रेडर्स) पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 2750 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर संबंधित गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील किया गया.

अपर आयुक्त प्रखर सिंह के निर्देशन में निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा झोन क्रमांक 21, वार्ड क्रमांक 79 अंतर्गत कैट रोड स्थित फैमिली कलेक्शन (मोक्ष ट्रेडर्स) पर विशेष पॉलीथिन चेकिंग अभियान चलाया गया. कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा दुकान संचालक से दुकान खोलने का आग्रह किया गया, किंतु संचालक द्वारा सहयोग नहीं किए जाने एवं दुकान नहीं खोलने पर निगम टीम ने



नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरी से ताला काटकर परिसर की जांच की. जांच के दौरान गोदाम में भारी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन एवं कैरीबैग का अवैध भंडारण पाया गया. टीम द्वारा मौके से लगभग 2750 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई. प्रतिबंधित सामग्री पाए जाने पर संबंधित गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया तथा जब्त की गई पॉलीथिन को नियमानुसार निपटान हेतु नेप्रा स्थित प्लांट भेजा गया. कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अवधनारायण सिंह, सीएसआई विजय यादव, सहायक सीएसआई रवि सिंह, वार्ड सहायक दरोगा मिंटू कल्याणे तथा टीम बेसिक्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

# छोटे ठेले वालों पर सख्ती, बड़े अतिक्रमणकारियों पर मेहरबानी!

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. नगर निगम शहर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर लगातार कार्रवाई का दावा कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है. नगर निगम की कार्रवाई फिलहाल ठेले और रेहडी लगाने वाले छोटे व्यापारियों तक ही सीमित नजर आ रही है, जबकि शहर के कई बड़े अतिक्रमण आज भी बेखौफ जारी हैं.**

हैरानी की बात यह है कि नगर निगम मुख्यालय से महज करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक व्यस्त चौराहे पर कई दुकानदारों द्वारा खुलेआम अतिक्रमण किया गया है. दुकानों के बाहर फुटपाथ तक सामान फैलाकर व्यापार किया जा रहा है, जिससे पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

**फुटपाथ बना दुकान, सड़क बनी पार्किंग**-स्थिति यह है कि फुटपाथ पर व्यापार होने से राहगीरों के लिए रास्ता तक नहीं बचा. वहीं दुकानों पर आने वाले ग्राहकों के वाहन सड़क पर खड़े हो जाते हैं, जिससे पूरे चौराहे का




### मामला खबरों में, फिर भी कार्रवाई नहीं

इस मामले को पहले भी नवभारत में उठाया था इस दौरान एडिशनल कमिश्नर आकाश सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था जिसके बाद भी इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई होती नहीं दिखाई दी. जवाब देने से भी बचते अधिकारी-इस पूरे मामले में जानकारी लेने के लिए जब इंदौर नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने मुलाकात करना तक उचित नहीं समझा. नगर निगम लगातार शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दावे कर रहा है, लेकिन सवाल अब भी वही है- क्या कार्रवाई सिर्फ कमजोर और छोटे व्यापारियों तक ही सीमित रहेगी, या बड़े अतिक्रमणकारियों पर भी निगम का बुलडोजर चलेगा?

ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है. दिनभर यहां जाम जैसे हालात बने रहते हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं.

# कर्मचारियों के आरोपों से घिरे एयरपोर्ट डायरेक्टर, पीएमओ तक पहुंचा मामला

▶ डायरेक्टर पर बदसलूकी से लेकर दबाव की राजनीति तक के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर**. देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इन दिनों सिर्फ उड़ानों की वजह से नहीं, बल्कि अंदरूनी विवादों की तेज हलचल के कारण भी चर्चा में है. एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार के खिलाफ गंभीर आरोपों से भरा एक शिकायत पत्र सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचने के बाद मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है. मामले में एक टीम द्वारा जांच शुरू कर दी गई है.

शिकायत में एयरपोर्ट प्रशासन के भीतर डर, दबाव और अपमानजनक व्यवहार का माहौल बनने का दावा किया गया है. सूत्रों के मुताबिक यह शिकायत हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज रायजादा के नाम से भेजी गई है. शिकायत की प्रतियां प्रधानमंत्री कार्यालय, नागर विमानन मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया मुख्यालय, चीफ विजिलेंस ऑफिसर और इंदौर सांसद शंकर लालवानी तक पहुंची हैं. बताया जा रहा है कि पीएमओ ने 17 अप्रैल को इस मामले को जांच के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को अग्रेषित किया था. इसके बाद सोमवार को एएआई मुख्यालय से जीएम सिविल प्रभु सरकार समेत अधिकारियों की टीम इंदौर पहुंची और जांच शुरू की. टीम ने दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ कई अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए. शिकायत पत्र में दर्ज आरोपों में सबसे ज्यादा चर्चा एक कथित टिप्पणी को लेकर हो रही है. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि एयरपोर्ट डायरेक्टर अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत के दौरान अक्सर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और मामूली बातों पर ट्रांसफर की धमकी देते रहते हैं. तथ्यात्मक पड़ताल में जुटी टीम-एएआई की जांच टीम फिलहाल पूरे मामले की तथ्यात्मक पड़ताल में जुटी हुई है. एयरपोर्ट प्रशासन की कार्यशैली, कर्मचारियों के आरोप और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपी जाएगी. फिलहाल इंदौर एयरपोर्ट के गलियारों में एक ही सवाल गूंज रहा है- क्या यह सिर्फ असंतुष्ट कर्मचारियों की शिकायत है, या फिर एयरपोर्ट प्रशासन के भीतर सचमुच सब कुछ सामान्य नहीं?

### जारी है जांच प्रक्रिया...



इस पूरे मामले में एयरपोर्ट डायरेक्टर सुनील मग्गीरवार ने कहा कि मामला फिलहाल समिति और मुख्यालय के विचाराधीन है. उन्होंने बताया कि मुख्यालय स्तर पर इस संबंध में संज्ञान लिया गया है और जांच प्रक्रिया जारी है. ऐसे में इस विषय पर अभी कोई टिप्पणी करना उचित नहीं होगा.

### रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी



सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इस मामले से जुड़ी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंची है. उनके मुताबिक यह शिकायत एक अधिवक्ता द्वारा भेजी गई है, जिसकी प्रति उन्हें भी प्राप्त हुई है. उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

# शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

▶ 29 मई तक रजिस्ट्रेशन, 2 जून तक चॉइस फिलिंग का मौका

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. महाविद्यालय में एआईसीटीई एवं कांउसिल ऑफ आर्किटेक्चर से संबद्ध पाठ्यक्रमों में प्रवेश अर्हकारी परीक्षा के आधार पर दिए जाएंगे.**

प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता कक्षा 10वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है. प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा संचालनालय, भोपाल द्वारा आयोजित की जा रही है. महाविद्यालय में वर्तमान में चार प्रमुख रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं- कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग फैशन टेक्नोलॉजी, आर्किटेक्चर एंड इंटीरियर डिजाइन, होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी.

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 29 मई है. चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि 2 जून है.

**छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी दिया जा रहा**-प्राचार्य विजया शिंदे ने बताया कि प्रवेशित छात्राओं को राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है. अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की छात्राओं को स्टेशनरी एवं विशेष कक्षाओं की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाती है. इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में 100 छात्राओं के लिए सुविधाजनक छात्रावास की व्यवस्था भी उपलब्ध है.

### न्यूनतम शुल्क में रोजगारोन्मुखी शिक्षा

महाविद्यालय की प्राचार्य विजया शिंदे ने बताया कि यह इंदौर जिले का एकमात्र शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय है, जहां छात्राओं को मात्र लगभग 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष के न्यूनतम शिक्षण शुल्क पर तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है. उन्होंने बताया कि छात्राओं के व्यावसायिक एवं रचनात्मक विकास के लिए समय-समय पर एक्सपर्ट लेक्चर, इंडस्ट्री विजिट, वर्कशॉप, इंटर्नशिप और सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं के माध्यम से छात्राओं को प्रायोगिक ज्ञान भी प्रदान किया जाता है. महाविद्यालय में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट की व्यवस्था की जाती है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में छात्राओं का डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की ओर रुझान लगातार बढ़ा है.

# बीएचएमएस विद्यार्थियों को बताया एडवांस्ड होम्योपैथी का महत्व

## विश्व अस्थमा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर. विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी ने प्रथम वर्ष बीएचएमएस विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ब्रोंकियल अस्थमा की बढ़ती समस्या तथा उसके दीर्घकालीन प्रबंधन एवं प्रारंभिक रोकथाम में एडवांस्ड क्लासिकल होम्योपैथी की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी.

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि बढ़ता वायु प्रदूषण, बदलती जीवनशैली, धूल-धुआं, एलर्जी, धूम्रपान, मानसिक तनाव तथा पर्यावरणीय कारणों से भारत में अस्थमा के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं में. उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत संवैधानिक होम्योपैथिक उपचार एवं विशेष रूप से 50 मिलीसिमल पोटेंसी आधारित एडवांस्ड क्लासिकल होम्योपैथी के माध्यम से प्रारंभिक अवस्था में अस्थमा की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने में सहायता मिल



सकती है. उन्होंने एडवांस्ड क्लासिकल होम्योपैथी केवल लक्षणों को दबाने का कार्य नहीं करती, बल्कि शरीर की आंतरिक प्रतिरोधक क्षमता, एलर्जिक संवेदनशीलता एवं संपूर्ण श्वसन स्वास्थ्य को संतुलित करने का प्रयास करती है. डॉ. द्विवेदी ने विद्यार्थियों को 50 मिलीसिमल पोटेंसी प्रणाली की विशेषताओं के बारे में भी बताया और कहा कि यह पद्धति रोगी की संवेदनशीलता एवं प्रतिक्रिया के अनुसार दवाओं का कोमल एवं क्रमिक उपयोग करने में सहायक होती है. कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संवैधानिक उपचार पद्धति एवं आधुनिक समय में श्वसन रोगों की चुनौतियों को लेकर डॉ. द्विवेदी से विस्तृत चर्चा की.

**एक नजर में** ▶ **आकाशवाणी के 90 वर्ष होने पर पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन शाला में कार्यक्रम का आयोजन**

# आकाशवाणी ने सामाजिक और शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**इंदौर**. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन शाला में आकाशवाणी के ९० वर्ष होने पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य आकाशवाणी की ऐतिहासिक भूमिका, जनसंचार के क्षेत्र में उसके योगदान तथा भारतीय संस्कृति और समाज के साथ उसके गहरे संबंधों को रेखांकित करना था.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी इंदौर के अभियांत्रिकी प्रमुख अभय कुमार गुप्ता ने आकाशवाणी की कार्यप्रणाली, रेडियो पत्रकारिता की विश्वसनीयता तथा वर्तमान समय में रेडियो माध्यम की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला. आकाशवाणी इंदौर के कार्यक्रम प्रमुख राजेश ने कहा कि आकाशवाणी ने पिछले 90 वर्षों में देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण




भूमिका निभाई है. आपातकालीन परिस्थितियों से लेकर मनोरंजन, शिक्षा और जनजागरण तक, आकाशवाणी ने सदैव जनविश्वास कायम रखा है. आकाशवाणी की तुलना लता जी के गाने रहें ना रहें हम कहते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सोनाली नरगुंदे ने कहा आकाशवाणी देश के सुदूर कोनों में लोगों को एकजुट करने का काम कर रहा है.

### विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता

इस अवसर पर अध्ययनशाला द्वारा विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास और प्रभावशाली शैली में विचार प्रस्तुत किए. प्रथम विजेता को एक दिन युवावाणी कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा. प्रतियोगिता में सजल जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. द्वितीय पुरस्कार अश्मित वर्मा तथा तृतीय पुरस्कार ऋषिका सिंह को प्रदान किया गया. वहीं पार्थ शर्मा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. विजेताओं को प्रशस्ति प्रदान किए गए. संचालन मोक्षिका पाठक तथा अदिति ने किया. आभार डॉ अनुराधा शर्मा ने दिया.